# कोटा में संविधान दिवस पर आयोजित संगोष्ठी में भीतरघात के मुद्दे पर हंगामा

- लोकसभा चुनाव में प्रहलाद गुंजल, विधानसभा चुनाव में राखी गौतम और पहले शिवकांत नन्दवाना की हार के लिए कौन-कौन जिम्मेदार रहा है
- शांति धारीवाल का नाम सुनते ही उनके गुट के कार्यकर्ता ने हंगामा शुरू कर दिया

**कोटा,** (निसं)। कांग्रेस कार्यालय में मंगलवार को संविधान दिवस पर संगोष्ठी कार्यक्रम हंगामे की भेंट चढ़ गया। नौबत हाथापाई तक आ गई। हालांकि बीच-बचाव के बाद मामला शांत हो गया लेकिन कार्यक्रम में देर तक गहमागहमी बनी रही। हंगामा लोकसभा व विधानसभा चुनाव में भितरघात का मुद्दा उठने के बाद हुआ। इस दौरान कांग्रेसी नेता एक-दूसरे पर आरोप लगाते नजर आए। संगोष्ठी कांग्रेस कार्यालय में हुई।

इस दौरान विज्ञान नगर इलाके के कार्यकर्ता आसिफ मिर्जा संविधान दिवस के उपलक्ष में बोल रहे थे। उन्होंने अचानक भितरघात का मुद्दा उठाया और कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रहलाद गुंजल, विधानसभा चुनाव में राखी गौतम और पहले शिवकांत नन्दवाना की हार के लिए कौन-कौन जिम्मेदार रहा है। उन्होंने कहा कि हाड़ौती से विधानसभा चुनाव में तीन-तीन मंत्री थे। मिर्जा ने प्रमोद जैन भाया, अशोक चांदना व शांति धारीवाल का नाम लिया। शांति धारीवाल का नाम सुनते ही उनके गुट के कार्यकर्ताओं ने हंगामा शुरू कर दिया। घंटाघर इलाके के कार्यकर्ता आबिद कुरैशी खड़े हो गए। उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान बात बढ़ गई और हाथापाई की नौबत आ गई। बाद में वरिष्ठ नेताओं ने बीच बचाव किया और केवल संविधान के मुद्दे पर ही बातचीत सीमित रखने की चेतावनी दी।

वही संगोष्ठी में जिला महामंत्री ने कहा कि उन लोगों को बाहर किया जाए जिन्होंने लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के साथ गद्दारी करके भाजपा का साथ दिया था। ऐसे लोगों को कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित किया जाए। यह लोग अब कांग्रेस के बैनर पर प्रदर्शन कर रहे हैं। यहां पर भी मलाई खाना चाहते हैं और वहां पर भी मलाई खा रहे हैं। मामले पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष रविंद्र त्यागी ने कहा कि हंगामा जैसी बात नहीं है।

बस दो नेता आपस में अपनी बात रख रहे थे। पीसीसी के निर्देश पर कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस कमेटी की ओर से कांग्रेसजनों भीमराव अम्बेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर संविधान दिवस पर गोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य वक्ता के रूप में डीसीसी उपाध्यक्ष जगदीश ठाड़ा ने कहा कि संविधान निर्माता भीमराव अम्बेडकर ने संविधान का निर्माण कर देश को नई दिशा दी है। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए रविंद्र त्यागी ने कहा कि पीसीसी से 26 जनवरी तक वार्डवाईज अभियान चलाने का कार्यक्रम आया है, इसको वार्ड में घर-घर जाकर संविधान सम्मान सुरक्षा हेतु अभियान चलाना है, उन्होंने कहा कि केंद्र में सत्ता में बैठी पार्टी संविधान की धज्जियां उड़ा कर उसकी हत्या की जा रही है।

इसका दुरुप्रयोग किया जा रहा है। इसका कांग्रेसजन डटकर मुकाबला करेंगे और संविधान की सुरक्षा हेतु जन-जागरण अभियान चलाया जाएगा। कांग्रेस प्रत्याशी रहे प्रहलाद गुंजल ने कहा कि आज हमारा देश आजादी के बाद से संविधान के तहत चल रहा है जिसने इसके साथ छेड़छाड़ की उसका बुरा असर हुआ है। महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष राखी गौतम ने कहा कि संविधान आमजन की रक्षा के लिए बना है संविधान में सबको बराबर का अधिकार मिला है इसके साथ छेड़छाड़ करनेवालों को कांग्रेसजन बर्दाश्त नहीं करेगा। लाड़पुरा प्रधान नईमुद्दीन गुड्डु ने सभी कार्यकर्ताओं को 26 जनवरी तक अभियान चलाने के लिए कार्यकर्ताओं को आव्हान किया। गोष्ठी को प्रमुख रूप से पूर्व पीसीसी सचिव शिवकांत नंदवाना, कोटा दक्षिण उपमहापौर पवन मीणा, कैथून नगर पालिका पूर्व चेयरमैन आइना महक, पीसीसी सदस्य यशवन्त चौधरी, डॉ विजय सोनी, ब्लॉक अध्यक्ष ललीत शर्मा, अनुप मेहरा, कोषाध्यक्ष प्रमोद त्रिपाठी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष शालिनी गौतम, पार्षद इशरार मोहम्मद, मनोज गुप्ता, कुलदीप प्रजापती, दिपक वर्मा, सोनू अब्बासी, अपुन कुमार, सलीना शेरी, विपीन बरथुनिया, उपाध्यक्ष मालती शर्मा, सचिव पूनम कवॅर, रेहाना, संजय यादव, हिमांशु शर्मा, हंसराज गोस्वामी, धर्मा गोचर, विजय गुप्ता, बाबू, आदि कई कार्यकर्ता मैजूद रहे।

## रोटरी डायलिसिस केन्द्र का शुभारंभ एक को

**कोटा,** (निसं)। रोटरी क्लब कोटा द्वारा जरूरतमंद शहरवासियों के लिए गोबरिया बावड़ी स्थित मानव सेवा समिति अस्पताल, परिसर में डायलिसिस केन्द्र खोला जा रहा है। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के द्वारा 1 दिसम्बर को रोटरी बिनानी सभागार में आयोजित समारोह में डायलिसिस केन्द्र का शुभारंभ किया जाएगा। अध्यक्ष मुकेश व्यास ने बताया कि क्लब द्वारा रोटरी अन्तर्राष्ट्रीय ग्रान्ट के माध्यम से 50 लाख रुपए से अधिक मूल्य की 6 किडनी डायलिसिस मशीन संचालित की जाएंगी। निवर्तमान अध्यक्ष प्रीतम गोस्वामी ने बताया कि उद्घाटन समारोह में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर मुख्य अतिथि होंगे। साथ ही, रोटरी प्रान्त 3056 के पूर्व प्रांतपाल निर्मल कुणावत विशिष्ट अतिथि होंगे। क्लब कोषाध्यक्ष जयंत उपाध्याय ने बताया कि रोटरी क्लब कोटा द्वारा भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के संयुक्त तत्वावधान में 11-12 दिसंबर को रोटरी बिनानी सभागार परिसर शॉपिंग सेंटर में निशुल्क विकलांग सहायता उपकरण वितरण शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें जरूरतमंद दिव्यांगजनों को जयपुर फुट (कृत्रिम पैर), कृत्रिम हाथ, कैलीपर्स, बैसाखियाँ, ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, हियरिंग हेड (सुनने की मशीन) आदि उपकरण वितरित किए जाएंगे।


**नाम परिवर्तन**

MY NAME HAS BEEN CHANGED FROM FATEMA TO FATEMA GULZAR SO I WOULD BE RECOGNISED BY MY NEW NAME FATEMA GULZAR WITH IMMEDIATE EFFECT FROM-FATEMA GULZAR W/O HOZEFA GULZAR PURANI DHAN MANDI JHALRAPATAN, DIST JHALAWAR RAJASTHAN, 326023

**नाम परिवर्तन**

MY NAME HAS BEEN CHANGED FROM HOZEFA TO HOZEFA GULZAR SO I WOULD BE RECOGNISED BY MY NEW NAME HOZEFA GULZAR WITH IMMEDIATE EFFECT FROM :- HOZEFA GULZAR S/O SHABBIR BHAI PURANI DHAN MANDI JHALRAPATAN DIST JHALAWAR RAJASTHAN,326023

**पश्चिम मध्य रेल**

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से उप. मुख्य इंजीनियर (निर्माण), पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **निविदा संख्याः** उप. मु. इंजी. (नि) कोटा-09-2024, **कार्य का विवरणः** राजस्थान राज्य में पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल में रामगंजमंडी-भोपाल नई बड़ी रेल लाइन परियोजना के संबंध में पहले से ही कमीशन की जा चुकी लाइन के घाटोली - नयागांव खंड में विभिन्न स्थानों पर स्टेबलाइजेशन का कार्य करना, **निविदा खुलने की तारीखः** 16.12.2024, **अनुमानित लागत** (₹): ₹ 8,59,33,205.93 (सिंगल पैकेट सिस्टम)। **नोटः** पूर्ण विवरण वेबसाईट www.ireps.gov.in. पर अपलोड की गई ई-निविदा में तथा मुख्य परियोजना प्रबन्धक, पश्चिम मध्य रेल, कोटा के कार्यालय नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है। संभावित निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि वे निविदा खोलने की तारीख से पहले नियमित रूप से वेबसाइट देखते रहें और निविदा में किसी भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र पर ध्यान दें। ऑफर सिर्फ ई-निविदा के माध्यम से ही स्वीकार किये जायेंगे। ई-निविदा के अतिरिक्त किसी भी अन्य माध्यम से निविदा ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे। **उप.मुख्य इंजीनियर (निर्माण)/ पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


## ‘नागरिकों के मौलिक अधिकार व कर्तव्य संविधानिक धरोहर’

- जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय में संविधान दिवस मनाया
- कोटा के जय मिनेश आदिवासी विश्वविद्यालय में संविधान दिवस व्याख्यान आयोजित
- भारतीय संविधान की धारा 51-ए के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी

**कोटा,** (निसं)। रानपुर में स्थित जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय, कोटा में 26 नवम्बर को संविधान दिवस/राष्ट्रीय विधि दिवस का विधिवत आयोजन किया गया।

विश्वविद्यालय के विधि अध्ययन केन्द्र द्वारा आयोजित संविधान दिवस के अवसर पर कोटा की अतिरिक्त जिला जज एवं सचिव, कोटा जिला विधिक सहायता प्राधिकरण, गीता चौधरी, विश्वविद्यालय के चेअरपर्सन व राजस्थान प्रशासनिक के पूर्व अधिकारी आर.डी.मीणा, कुलपति (प्रेसिडेण्ट) प्रो.डी.पी. तिवारी द्वारा विश्वविद्यालय में नव-निर्मित मूट कोर्ट के विद्यार्पण से संविधान दिवस कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम के प्रारम्भ में विधि अध्ययन केन्द्र की प्रभारी डॉ. शैलेष शर्मा नें आगन्तुक अतिथियों के भावभीने स्वागत के साथ संविधान दिवस की महत्ता बताई।

वि.वि. के चैअरपर्सन आर.डी.मीणा ने समस्त उपस्थित समूह को संविधान दिवस की प्रेषित की व संविधान अंतर्गत महिला सशक्तिकरण जैसे प्रावधानों पर प्रकाश डालते हुए जय मीनेश विश्वविद्यालय विधि अन्तर्गत विधि अध्ययन केन्द्र की स्थापना की दिशा में किए जा रहे प्रयासों व व्यवस्थाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

अतिरिक्त जिला जज एवं सचिव, कोटा जिला विधिक सहायता प्राधिकरण, गीता चौधरी नें अपने विशेषज्ञ व्याख्यान में भारतीय संविधान में वर्णित नागरिकों के मूल अधिकार व मूल कर्तव्यों की ओर ध्यानाकर्षित करते हुए भारतीय संविधान की धारा 51-ए के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी, साथ ही धारा 12-35 के अंतर्गत वर्णित मूल अधिकारों की जानकारी से अवगत कराया।

गीता चौधरी ने कोटा जिला विधिक सहायता प्राधिकरण दी जा रही मुफ्त एवं सहज परामर्श सेवाओं के बारे में समस्त उपस्थित समूह कों अवगत करवाया। विशिष्ट वक्ता एडवोकेट राजकुमार मीणा द्वारा भारतीय संविधान निर्माण की परिस्थितियों व वर्तमान में किये जा रहें आवश्यक संशोधनों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने मौलिक अधिकारों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को संविधान की सामान्य जानकारी की दिशा में प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अन्त में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ.नरेन्द्र कुमार शर्मा नें संविधान दिवस की बधाई देते हुए व संविधान में वर्णित मूल कर्तव्यों पर बल देते हुए कार्यक्रम में आगन्तुक अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस संविधान दिवस के कार्यक्रम में जय मीनेश आदिवासी वि.वि. के विद्यार्थियों के अतिरिक्त रानपुर व बावड़ीखेड़ा स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

वि.वि. की असोसिएट प्रोफेसर मुक्ति पाराशर सहायक कुलसचिव डॉ.संजय कंमार मीणा, असीस्टेंट प्रोफेसर डॉ.सुमन भारती मीणा, डॉ जितेन्द्र कुमार दोतानिया, डॉ. रवि झुरावत, डॉ.संजय कुमार, डॉ. नमिता गोस्वामी, डॉ. सुरेश मीणा, जयाराम मीणा, हर्षिता जैन, गिरजा मीणा, भारत शर्मा, देवेन्द्र आचार्य, सचिन कुमार मीणा आदि उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय के विधि विभाग के असीस्टेंट प्रोफेसर अभिषेक कुमार मीणा के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम का विधिवत संचालन डॉ ज्योत्सना वर्मा द्वारा किया गया।

## लूट के आरोपी पुलिस गिरफ्त से दूर

**कोटा,** (निसं)। गुमानपुरा इलाके में फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी से 36 लाख की ठगी लूट के आरोपियों का कोई सुराग नहीं लगा। शहर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें बनाकर कुछ सुराग के आधार पर आरोपियों की तलाश के लिए रवाना की गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार कर लेगी। इस वारदात को अंजाम देने वाले बदमाशों में से कुछ ने पुलिस की वर्दी पहनी हुई थी। ठगों ने कहा कि ड्रग्स के व्यापार के मामले में ये पुलिस कार्रवाई की जा रही है। इसके बाद ऑफिस में काम करने वाले लड़के को अपने साथ ले गए। इसके बाद उसे हैंगिंग ब्रिज टोल लाकर छोड़ दिया और खुद आगे निकल गए। कोटा शहर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी ने बताया कि चार-पांच महीने पहले फाईनेंस कंपनी के नाम से भगवानपुर टीचर्स कॉलोनी में एक मकान किराए पर कुछ लोगों ने लिया था। जहां पर लूट की वारदात हुई है। प्रारंभिक तौर पर यह लूट की वारदात को पांच बदमाशों ने अंजाम दिया है। इनमें से दो बदमाश पुलिस की वर्दी में थे और लूटी हुई राशि करीब 36 लाख रुपए बताई जा रही है। घटनाक्रम को जब अंजाम दिया जा रहा था तब मकान मालिक भी वहां पहुंच गए थे। तब लुटेरों ने उन्हें कहा था कि यह लोग ड्रग्स का व्यापार करते हैं।

## ‘सामाजिक सुरक्षा पेंशनर 30 नवम्बर तक भौतिक सत्यापन कराएं’

**कोटा,** (निसं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित वृद्धावस्था, दिव्यांग एवं एकल नारी पेंशन योजना का लाभ प्राप्त कर रहे 219606 लाभार्थी को पेंशन को नियमित रखने के लिए वार्षिक भौतिक सत्यापन करवाया जाना अनिवार्य है। अब तक जिले में 205143 पेंशनर ने ही भौतिक सत्यापन करवाया है। वर्तमान में 14463 पेंशनर भौतिक सत्यापन से शेष हैं।

यह भौतिक सत्यापन 30 नवम्बर तक ई-मित्र के माध्यम से करवा सकते हैं। संयुक्त निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सविता कृष्णिया ने बताया सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लिए उपलब्ध कराये गये मोबाईल एप के माध्यम से भी लाभार्थी घर बैठे भौतिक सत्यापन कर सकते हैं।

सामाजिक सुरक्षा पेंशन का वार्षिक भौतिक सत्यापन 30 नवम्बर तक नहीं करवाने पर आगामी माह से पेंशन राशि लाभार्थी के बैंक खाते में जमा नहीं होगी एवं उनकी पेशंन बन्द कर दी जायेगी।

साथ ही, पालनहार योजना अन्तर्गत लाभान्वित बच्चों के वार्षिक भौतिक सत्यापन से लम्बित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के लिए जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक, कोटा द्वारा प्रत्येक विद्यालय में एक शिक्षक को अभिभावक के रूप में नियुक्त किया गया है, जो उन्हें उनके विद्यालय में अध्ययनरत, पालनहार योजना में लाभान्वित होने वाले बच्चों के वार्षिक भौतिक सत्यापन के लिए अध्ययन प्रमाण पत्र ई-मित्र के माध्यम से वार्षिक भौतिक सत्यापन करवाने में आवश्यक सहायता करेंगे।

## सार-समाचार

### रोजगार सहायता शिविर 28 को

**कोटा,** (निसं)। उप-क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय कोटा की ओर से रोजगार सहायता शिविर का आयोजन 28 नवम्बर को प्रातः 10 से सायः 4 बजे तक महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम में किया जाएगा। जिसमें युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार एवं रोजगार परक प्रशिक्षण के विशेष अवसर प्राप्त होगें। उपनिदेशक मनोज कुमार पाठक ने बताया कि शिविर में राज्य एवं राज्य से बाहर की विभिन्न निजी कम्पनियों से टेक्निशियन रिलेशनशिप आफिसर, फील्ड ऑफिसर, सर्विस इंजीनियर, टेक्निकल ऑपरेटर, फिटर फाईनेन्स एडवाइजर, सेल्स मैनेजर एवं सिक्योरिटी सुपरवाईजर के पदों के लिए लगभग 1200 रिक्तियां प्राप्त हुई है। इन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दसवीं 10वीं, 12वीं, स्नातक, कम्प्यूटर जानकार, आईटीआई, डिप्लोमाधारी है। आयु 18 से 35 वर्ष निर्धारित है। शिविर में विभिन्न पदों के लिए आशार्थियों का प्रारम्भिक चयन किया जायेगा। भारतीय जीवन बीमा निगम एवं अन्य बीमा कम्पनियां बीमा अभिकर्ताओं के लिए चयन करेंगे।

### छेड़छाड़ के आरोपी को 2 साल की सजा

**कोटा,** (निसं)। ट्रेन में महिला यात्री से छेड़छाड़ के 9 साल पुराने मामले में सुनवाई करते हुए रेलवे न्यायालय ने आरोपी को 2 वर्ष के साधारण कारावास एवं 20 हजार के आर्थिक दंड से दंडित किया। लोक अभियोजन अधिकारी रेलवे ने बताया कि ट्रेन में महिला यात्री से छेड़छाड़ के मामले में पकड़े गए आरोपी जिला बड़ोदरा गुजरात के अजीत नगर निवासी शिवकुमार (53) को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रेलवे ने दोषी मानते हुए 2 वर्ष के साधारण कारावास और 20 हजार के आर्थिक दंड से दंडित किया। यह था मामला-18 नवंबर 2015 को फरियादी महिला ने जीआरपी थाने में रिपोर्ट दी कि 17 नवंबर 2015 को नई दिल्ली से मुंबई ट्रेन नंबर 12952 से जाते समय कोच बी-6 की सीट नंबर 6 पर बैठे यात्री ने छेड़छाड़ की। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश करते हुए जिला बड़ोदरा के गुजरात निवासी शिवकुमार को गिरफ्तार किया था।

### हत्या के प्रयास में फरार आरोपी गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। आरकेपुरम पुलिस टीम ने आरटीयू छात्रों के दो गुटों के बीच में हुए झगड़े में हत्या के प्रयास में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरकेपुरम थानाधिकारी अजीत बागडोलिया ने बताया कि 29 सितंबर को किशनगढ़ निवासी राहुल बोचल्या ने थाने में रिपोर्ट दी थी हाडी रानी सर्किल के समीप चाय की दुकान पर मित्र के साथ बैठे थे तभी कॉलेज के छात्र हर्ष, दीपक, निकेत, लक्ष्य, रोहित और सौरव से आपसी बहस होने पर उन लोगों ने जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज करते हुये फरार चल रहे दो आरोपी रोहित और सौरव को गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जहां से दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज गया।

### प्रदर्शनी और संगोष्ठी का आयोजन

**कोटा,** (निसं)। संविधान दिवस के अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सभागार में विशेष प्रदर्शनी और संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिरिक्त जिला कलेक्टर (सीलिंग) कृष्णा शुक्ला ने किया। उन्होंने भारतीय संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे संपूर्ण भारत की आत्मा करार दिया। शुक्ला ने प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए छात्रों को संविधान की विशेषताओं और उसके महत्व को समझने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में सहायक निदेशक रचना शर्मा, लेखाधिकारी देवेंद्र चौहान, सहायक जनसंपर्क अधिकारी आकांक्षा शर्मा, सहायक प्रशासनिक अधिकारी नितेंद्र सिंह चौहान, लिपिक राजेश गुर्जर और अन्य विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मंगलसूत्र छीनने का आरोपी गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। कुन्हाडी इलाके में पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुये मंगलसूत्र छीनने के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को बापर्दा गिरफ्तार किया। कुन्हाडी थानाधिकारी ने बताया कि 21 नवबंर को फरियादी ने रिपोर्ट दी की 19 नवबंर को बच्चे को स्कूल से पैदल लाते समय रिद्धि-सिद्धि टॉवर के समीप बाईक पर एक व्यक्ति आया जिसने अपने मुंह पर कपडा बांधा हुआ था, झपट्टा मारते हुये गले से मंगलसूत्र छीन कर ले गया। मामला दर्ज करते अज्ञात अभियुक्त को बापर्दा बाईक सहित गिरफ्तार किया है।

## पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित

**कोटा,** (निसं)। मोदी पब्लिक स्कूल दादाबाड़ी में मंगलवार को ''फेस पेन्टिंग प्रतियोगिता'' का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में स्कूल के बरहवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। मोदी ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष सुशील मोदी ने बताया कि फेस पेंटिंग के माध्यम से विद्यार्थी अपने बुनियादी कोशल का विकास करते हैं, जो कि उनके कलात्मक और रचनात्मक दुनिया के कई अन्य क्षेत्रों में काम आएंगे। ग्रुप डाइरेक्टर राघव मोदी ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम विजेता कामाक्षी, द्वितीय विजेता परिधि जैन, तृतीय विजेता में संयुक्त रूप से किस्मत शर्मा एवं भक्ति पोरवाल रहे। इन विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए निदेशक राघव मोदी ने कहा कि आदर्श रंग संयोजन बनाने की कोशिश करते समय विद्यार्थी जो धैर्य रखना सीखते हैं।

## चैन स्नैचर गिरोह का मुख्य सरगना झालावाड़ से गिरफ्तार

- आधा दर्जन चैन स्नैचिंग की वारदातों का खुलासा

**कोटा,** (निसं)। विज्ञान नगर पुलिस टीम ने चैन स्नैचिंग के मामले में कार्यवाही करते हुए चैन स्नैचर गिरोह के मुख्य सरगना को जिला झालावाड़ के मनोहर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

शहर पुलिस अधीक्षक अमृता दुहन ने बताया कि 4 नवंबर को विज्ञान नगर थाने में दर्ज हुई चैन स्नैचिंग की वारदात का खुलासा करने के लिए शहर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी व पुलिस उपअधीक्षक लोकेंद्र पालीवाल के निर्देशन में विज्ञान नगर थाना अधिकारी पुष्पेंद्र के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने सीसीटीवी कैमरे के फुटेज वह तकनीकी अनुसंधान के आधार पर कार्रवाई करते हुए चैन स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम देने वाले मुख्य अभियुक्त आशीष गुप्ता उर्फ लालू को जिला झालावाड़ के मनोहर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने कोटा शहर में चैन स्नेचिंग की करीब आधा दर्जन वारदातों का खुलासा किया।

**यह था मामलाः**-शहर एसपी अमृता दुहन ने बताया कि 4 नवंबर को विज्ञान नगर निवासी फरियादी धर्मबंधु आर्य ने विज्ञान नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी मां अयोध्या देवी घर से विज्ञान नगर में स्थित राशन के गेहूं लेने के लिए राशन की दुकान पर गई थी। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि राशन की दुकान से वापस घर आते समय रास्ते में बाइक पर दो अज्ञात व्यक्ति आऐं और उसकी मां अयोध्या देवी को धक्का देकर गिरा दिया और उसकी मां के गले से चैन छीनकर ले गए। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया।

शहर पुलिस अधीक्षक अमृता दुहन ने बताया कि पकड़े गए आरोपी आशीष गुप्ता ने अनुसंधान में बताया कि चैन स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देने के लिए मनोहर थाना से बाईक से अपने साथी कैलाश के साथ ग्रामीण रास्तों से होता हुआ कोटा पहुंचता और चैन स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देकर वापस झालावाड़ चला जाता था। पकड़े गए आरोपी से अन्य वारदातों का खुलासा होने की संभावना है।

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांकः-23 **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना** दिनांकः-25.11.24

नगर विकास न्यास कोटा की केशवपुरा-7 आवासीय योजना के भूखंड/आवास संख्या 102 का आवंटन/हस्तान्तरण/रजि. न्यास के पत्र दिनांक 13.12.1982 को श्री लेखराज पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण को आवंटन किया गया था। आवंटी द्वारा उक्त भूखंड/आवास का जर्ये मुख्तारआम श्रीमती लक्ष्मी मेवाडा पुत्र श्री शिवचरण मेवाडा द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 19.01.2024 को श्री कौशल किशोर मेवाडा पुत्र श्री कन्हैया लाल मेवाडा को विक्रय कर दिया गया है। अतः क्रेता द्वारा उक्त भूखंड/आवास को अपने नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 102 योजना केशवपुरा-7 आवासीय का नाम हस्तान्तरण श्री कौशल किशोर मेवाडा पुत्र श्री कन्हैया लाल मेवाडा के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

**उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण कोटा**

**कार्यालय नगर पालिका सांगोद जिला कोटा ( राज. )**

क्रमांक/न.पा.सा./भूमि/2024-25/3083 प्रारूप-10 (नियम 6 (7) दिनांकः-26.11.24

**लोक सूचना**

श्री पंकज शर्मा/ब्रजबिहारी शर्मा सांगोद निवासी सांगोद ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। अर्थातः-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नं. | गैर कृषि प्रयोजन का उपयोग | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| तहसील सांगोद जिला कोटा | सांगोद | 2681/1103 | पेट्रोल पम्प | मूल खसरा क्षेत्रफल 0.32 हेक्टर में से दक्षिणी -पश्चिमी भाग 35x35=1225 वर्गमीटर (पेट्रोल पम्प) एवं 1070 वर्गमीटर (मार्गाधिकार) |

इसलिये इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1958 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिये भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपयुक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 26.11.2024 को जारी की गयी।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका सांगोद**

**कार्यालय नगरपालिका इटावा जिला कोटा ( राज. )**

क्रमांकःन.पा.इ./2024-25/2925 दिनांकः-21.11.2024

(प्रारूप-10) (नियम 6 (7) देखिए)

**प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगरपालिका इटावा**

**लोक सूचना**

श्री नेमीचंद पुत्र बाबू लाल जाति बैरवा निवासी गणेशगंज, श्री महेन्द्र कुमार नायक पुत्र मोहन लाल जाति नायक निवासी इटावा, श्री हंसराज वर्मा पुत्र गोपाल लाल वर्मा जाति बैरवा तह. पीपल्दा जिला कोटा (राज.) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के आवासीय उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| जिला कोटा तहसील पीपल्दा | गोन्दी | 729<br>730<br>731 | रकबा 0.09 है.<br>रकबा 0.35 है.<br>रकबा 0.09 है. |

अतः उक्त खसरो के समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिये भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिन में किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष सक्षम दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा कर दिया जावेगा।

**अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका इटावा**


**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

**चन्द्रमौली आवासीय योजना, चन्द्रेसल, कोटा**


श्री ओम बिरला
माननीय लोकसभा अध्यक्ष

शहर वासियों के सपनों में रंग भरने के लिए कोटा विकास प्राधिकरण लाया है चन्द्रमौली आवासीय योजना


श्री झाबर सिंह खर्रा
माननीय नगरीय विकास, स्वायत्त शासन एवं आवासन मंत्री, राज. सरकार


श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार

**कुल भूखण्ड : 222**

आवेदन पत्र विक्रय आरम्भ की तिथि : 25 अक्टूबर 2024

आवेदन पत्र जमा कराने की अन्तिम तिथि : 30 नवम्बर 2024

आवेदन पत्र बैंक ऑफ बड़ौदा, कोटा की किसी भी शाखा से प्राप्त एवं जमा किये जा सकते है।

**भूखण्डों का साईज/क्षेत्रफल एवं कीमत**

| क्र. सं. | श्रेणी | पात्रता हेतु आय वर्ग | भूखण्ड माप (मीटर) | क्षेत्रफल (वर्ग मीटर) | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड की अनुमानित कीमत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | EWS | 3 लाख तक | 4.5 X 9 | 40.5 | 47 | 2,20,069/- |
| 2. | LIG | 3 से 6 लाख तक | 6 X 12 | 72 | 108 | 6,25,974/- |
| 3. | MIG-A | 6 से 12 लाख | 7.5 X 15 | 112.5 | 13 | 12,22,605/- |
| 4. | MIG-B | 12 से 18 लाख | 9 X 18 | 162 | 4 | 18,49,450/- |
| 5. | HIG- III | 18 लाख से अधिक | 12 X 21 | 252 | 33 | 30,12,499/- |
| 6. | HIG- II | 18 लाख से अधिक | 12 X 24 | 288 | 6 | 34,42,856/- |
| 7. | HIG- I | 18 लाख से अधिक | 15 X 27 | 405 | 11 | 48,41,516/- |

योजना से सम्बन्धित समस्त जानकारी हेतु सम्पर्क करें- श्री लालचन्द मटोरिया (सहायक अभियंता, केडीए कोटा) मोबाईल नं. - 8107620806, 7976143540

**हेल्प डेस्क :** स्वागत कक्ष-एकल खिड़की, केडीए परिसर कोटा

**योजना स्थल :** सोगरिया रेलवे स्टेशन से लगभग 3.5 किलोमीटर की दूरी पर एवं प्राचीन धार्मिक स्थल चन्द्रेसल मठ के समीप स्थित है

**शुभकामनाओं सहित**

सचिव कोटा विकास प्राधिकरण | आयुक्त कोटा विकास प्राधिकरण | अध्यक्ष कोटा विकास प्राधिकरण